अध्याय -1 | भूगोल एक विषय के रूप में

Worksheet-1

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

बहुविकल्पी प्रश्न

1. भौतिक भूगोल और मानव भूगोल के अन्तरापृष्ठ के फलस्वरूप जिस शाखा का उदय हुआ, वह है -

(अ) जीव भूगोल (ब) भू-आकृति भूगोल

(स) आर्थिक भूगोल (द) जनसंख्या एवं अधिवास भूगोल

2. मानव भूगोल के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसका अध्ययन शामिल नहीं है -

(अ) भू-आकृति भूगोल (ब) राजनीतिक भूगोल

(स) नगरीय भूगोल (द) कृषि भूगोल

3. निम्न में से कौनसा भौतिक लक्षण है?

(अ) मैदान (ब) पत्तन

(स) जल उद्यान (द) सड़क

4. "भूगोल धरातल के विभिन्न भागों में कारणात्मक रूप से संबंधित तथ्यों में भिन्नता का अध्ययन करता है।" यह परिभाषा किस भूगोलवेत्ता का है?

(अ) हम्बोल्ट (ब) रेटजल

(स) कुमारी सेम्पुल (द) अलफ्रेड हैटनर

5. जनसंख्या भूगोल के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसका अध्ययन नहीं किया जाता है?

(अ) जनसंख्या घनत्व (ब) प्रदूषण

(स) लिंग अनुपात (द) प्रवास एवं व्यावसायिक संरचना

6. किस उपागम के तहत एक तथ्य का पूरे विश्व स्तर पर अध्ययन किया जाता है?

(अ) प्रादेशिक उपागम (ब) द्वैतवाद उपागम

(स) क्रमबद्ध उपागम (द) भौतिक उपागम

7. पृथ्वी का आकार कैसा है ?

(अ) गोलाकार (ब) वृत्ताकार

(स) उपरोक्त में से कोई नहीं (द) भू-आभ

8. भूगोल के अध्ययन के कितने उपागम है ?

(अ) चार (ब) पाँच

(स) तीन (द) दो

9. G.P.S. का पूरा नाम क्या है ?

(अ) Global Positioning System (ब) Geographical Positioning System

(स) Geographical Position System (द) Global Position System

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

10. "भूगोल का उद्देश्य धरातल की प्रादेशिक क्षेत्रीय भिन्नता का वर्णन एवं व्याख्या करना है" यह परिभाषा किस भूगोलवेत्ता का है?

(अ) हेरोडोटस (ब) अलफ्रेड हेटनर

(स) इरेटॉस्थेनीज (द) रिचर्ड हार्टशोर्न

रिक्त स्थान

11. मानव ने प्रकृति के साथ समझौता _____ के माध्यम से किया है।

12. भौतिक भूगोल व मानव भूगोल के अंतरापृष्ठ से _____ का अभ्युदय हुआ।

सत्य/असत्य

13. अलेक्जेंड वॉन हम्बोल्ट एक जर्मन भूगोलवेत्ता थे।

14. कार्ल रिटर, हम्बोल्ट के समकालीन भूगोलवेत्ता थे।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. मानव भूगोल की उपशाखाएँ कौन-कौन सी हैं?

16. भू-आकृति विज्ञान के अंतर्गत किन तथ्यों का अध्ययन किया जाता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. भौतिक भूगोल और जैव भूगोल में अंतर स्पष्ट कीजिए।

18. जीव भूगोल के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के बारे में व्याख्या करें।

निबंधात्मक प्रश्न

19. भौतिक तथा मानवीय दोनों प्रकार के भौगोलिक तथ्य स्थैतिक नहीं, गत्यात्मक होते हैं व्याख्या करें।

20. भौतिक भूगोल की विभिन्न शाखाओं की व्याख्या करें।

HOTS

21. आर्थिक भूगोल के अन्तर्गत किन तथ्यों का अध्ययन किया जाता है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

1. **(अ)**
भौतिक भूगोल और मानव भूगोल के अन्तरापृष्ठ के फलस्वरूप जीव भूगोल शाखा का उदय हुआ।

2. **(अ)**
भू-आकृति भूगोल, भौतिक भूगोल की शाखा है जबकि अन्य तीन विकल्प मानव भूगोल की शाखा है।

3. **(अ)**
मैदान प्रकृति द्वारा निर्मित है जबकि अन्य सभी मानव द्वारा निर्मित है।

4. **(द)**
"भूगोल धरातल के विभिन्न भागों में कारणात्मक रूप से संबंधित तथ्यों में भिन्नता का अध्ययन करता है।" यह परिभाषा अलफ्रेड हैटनर भूगोलवेत्ता द्वारा प्रदान की गई है। अलफ्रेड हेटनर, जर्मनी के प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता थे।

5. **(ब)**
जनसंख्या भूगोल के अन्तर्गत प्रदूषण का अध्ययन नहीं किया जाता है। जनसंख्या भूगोल मानव भूगोल की एक प्रमुख शाखा है। इसमें स्वंय मानव की जनसंख्या, लोगो का वितरण, आयु संरचना, घनत्व, लिंग अनुपात, स्थानान्तरण, व्यावसायिक संरचना तथा उनके आवासों का अध्ययन किया जाता हैं।

6. **(स)**
क्रमबद्ध उपागम के द्वारा एक तथ्य का पूरे विश्व स्तर पर अध्ययन किया जाता है। क्रमबद्ध उपागम को प्रकरण रीति भी कहते हैं। इसमें भूगोल के विभिन्न तत्वों का अलग-अलग अध्ययन किया जाता है।

7. **(द)**
पृथ्वी का आकार भू-आभ जैसा है।

8. **(द)**
भूगोल के अध्ययन के दो उपागम है। क्रमबद्ध उपागम और प्रादेशिक उपागम

9. **(द)**
यह परिभाषा रिचर्ड हार्टशोर्न द्वारा प्रदान की गई है। रिचर्ड हार्टशोर्न प्रसिद्ध अमेरिकन भूगोलवेत्ता थे। उनके द्वारा यह परिभाषा 1931 में प्रदान की गई थी।

10. **(अ)**
G.P.S. का पूरा नाम Global Positioning System है।

11. अनुकूलन

12. जीव-भूगोल

13. सत्य

14. सत्य

15. **मानव भूगोल की उपशाखाएँ निम्नलिखित हैं :-**
मानव भूगोल, भूगोल की वह शाखा है जो मानव समाज के क्रियाकलापों और उनके परिणाम स्वरूप बने भौगोलिक प्रतिरूपों का अध्ययन करता है।
- आर्थिक भूगोल
- राजनीतिक भूगोल
- जनसंख्या भूगोल
- सांस्कृतिक भूगोल
- कृषि भूगोल
- परिवहन भूगोल
- पर्यटन भूगोल ।

16. भू-आकृति विज्ञान के अन्तर्गत भू-आकृतियों, उनके क्रम-विकास एवं उनसे संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। भू-आकृति विज्ञान भू-आकृतियों और उनको आकार देने वाली प्रक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन है; तथा अधिक व्यापक रूप में, उन प्रक्रियाओं का अध्ययन है जो किसी भी ग्रह के उच्चावच और स्थलरूपों को नियंत्रित करती हैं।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

17. भौतिक भूगोल और जैव भूगोल में निम्नलिखित अंतर हैं।

भौतिक भूगोल-

i. इसके भिन्न-भिन्न शास्त्रीय अंग स्थलाकृति, हिम-क्रिया-विज्ञान, तटीय स्थल रचना, भूस्पंदनशास्त्र, समुद्र विज्ञान, वायु विज्ञान, मृत्तिका विज्ञान, जीव विज्ञान, चिकित्सा या भौषजिक भूगोल तथा पुरालिपि शास्त्र हैं।

ii. भौतिक भूगोल में निर्जीव तत्वों का अध्ययन किया जाता है।

जैव भूगोल-

i. भौतिक भूगोल एवं मानव भूगोल के अंतरापृष्ठ के फलस्वरूप जीव भूगोल का अभ्युदय हुआ है।

ii. जैव भूगोल, विभिन्न जीवधारियों और प्रजातियों के भूस्थानिक वितरण, स्थानिक वितरण के कारण और वितरण के प्रतिरूपों और उनमें समय के सापेक्ष होने वाले बदलावों का अध्ययन करता है।

18. जीव भूगोल के अंर्तगत निम्न शाखाओं के बारे में अध्ययन किया जाता है-

i. **प्राणी भूगोल-** इसमें पशुओं एवं उनके निवास-क्षेत्र के स्थानिक स्वरूप एवं भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया जाता है।

ii. **वनस्पति भूगोल-** यह प्राकृतिक वनस्पति का उसके निवास-क्षेत्र में स्थानिक प्रारूप का अध्ययन करता है।

iii. **पारिस्थितिकी विज्ञान-** इसमें प्रजातियों के निवास-क्षेत्र का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है।

iv. **पर्यावरण भूगोल-** सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरणीय प्रतिबोधन के फलस्वरूप पर्यावरणीय समस्याओं जैसे- भूमि हास, प्रदूषण, संरक्षण की चिंता आदि का अनुभव किया गया, जिनके अध्ययन हेतु इस शाखा का विकास हुआ।

19.

1. **भौतिक भूगोल :-** इसके भिन्न भिन्न शास्त्रीय अंग स्थलाकृति, हिम-क्रिया-विज्ञान, तटीय स्थल रचना, भूस्पंदनशास्त्र, समुद्र विज्ञान, वायु विज्ञान, मृत्तिका विज्ञान, जीव विज्ञान, चिकित्सा या भैषजिक भूगोल तथा पुरालिपि शास्त्र हैं।
2. **मानव भूगोल :-** भूगोल की वह शाखा है जो मानव समाज के क्रियाकलापों और उनके परिणाम स्वरूप बने भौगोलिक प्रतिरूपों का अध्ययन करता है।

इसके अन्तर्गत मानव के राजनैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक पहलू आते हैं।

भौतिक तथा मानवीय दोंनों प्रकार के भौगोलिक तथ्य स्थायी नहीं, अपितु परिवर्तनशील होते हैं। सतत या सदा परिवर्तनशील पृथ्वी तथा निरंतर सक्रिय मानव के क्रियाकलापों से परिवर्तन की प्रक्रिया हमेशा होती रहती है। आदिम मानव समाज अपने निकटतम पर्यावरण पर सीधे तौर पर निर्भर रहता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब मनुष्य तकनीक के माध्यम से पर्यावरण को नियंत्रित करता है। भूगोल पृथ्वी और मानव के बीच के अंतर्संबंधों का अध्ययन करता है। मानव प्रकृति का अभिन्न भाग हैं तथा वह प्रकृति पर अपनी छाप छोड़ता है। प्रकृति मानव जीवन के विभिन्न पक्षों को प्रभावित करती है। तकनीकों के क्रमशः विकास के साथ मानव अपने ऊपर भौतिक पर्यावरण के द्वारा कसे हुए बंधन को ढीला करने में सक्षम हो गया है। तकनीकी ने श्रम की कठोरता को कम कर श्रम-क्षमता और उत्पादन-स्तर को भी बढ़ाया तथा मानव अपनी उच्च स्तर की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सक्षम हो गया। पृथ्वी पर परिवर्तन बाहरी कारकों, जैसे- पवन, बहता हुआ जल, हिमनदी, समुद्री जल के माध्यम से होता है तथा आन्तरिक कारकों में भूकम्प, ज्वालामुखी, भूमिगत जल द्वारा भी पृथ्वी पर परिवर्तन होता है। मनुष्य समयानुसार नए-नए आविष्कार कर रहा है और प्राकृतिक संसाधनों को अपने अनुकूल बना रहा है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें नया चाहें, जहाँ चाहें, नया चाहें
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

20. भौतिक भूगोल : भौतिक भूगोल की विभिन्न शाखाओं स्थलाकृति, हिम-क्रिया-विज्ञान, तटीय स्थल रचना, भूस्पंदनशास्त्र, समुद्र विज्ञान, वायु विज्ञान, मृत्तिका विज्ञान, जीव विज्ञान, चिकित्सा या भैषजिक भूगोल तथा पुरालिपि शास्त्र हैं।

i. **भू-आकृति विज्ञान-** यह भू-आकृतियों, उनके क्रम, विकास एवं संबंधित प्रक्रियाओं का अध्ययन करता हैं।

ii. **जलवायु विज्ञान-** इसके अंतर्गत वायुमण्डल, ऋतु, तापमान, गर्मी, उष्णता, क्षय ऊष्मा, आर्द्रता का अध्ययन किया जाता हैं।

iii. **जल विज्ञान-** जल विज्ञान पृथ्वी पर स्थित जल के अध्ययन से संबंधित है। इसके साथ ही इसमें जल के अन्वेषण, प्रयोग, नियंत्रण और संरक्षण का अध्ययन भी समाहित होता है। महासागरीय तत्वों के स्थानिक वितरण का अध्ययन भूगोल की एक शाखा समुद्र विज्ञान में किया जाता है।

iv. **मृदा भूगोल-** यह मिट्टी-निर्माण की प्रक्रियाओं, मिट्टी के प्रकार, उसकी उत्पादकता का स्तर, वितरण एवं उपयोग आदि के अध्ययन से संबंधित है।

21. आर्थिक भूगोल :इसकी शाखाएँ कृषि, उद्योग, खनिज, शक्ति तथा भंडार भूगोल और भू उपभोग, व्यावसायिक, परिवहन एवं यातायात भूगोल हैं। अर्थिक संरचना संबंधी योजना भी भूगोल की शाखा है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES